महत्वपूर्ण एवं खास

डॉयल 112 महत्वपूर्ण इवेंट

प्रसव पीड़ा में मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट -

न्याय साक्षी/रायगढ़। सरिया राइनो को दिनांक 15.01.2020 को प्रातः 09:44 बजे नवघटा गौटियापारा में रहने वाली देवमति पटेल पति चन्दशेखर पटेल 22 साल निवासी नवघटा के प्रसव पीड़ा पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त हुआ । बरमकेला राइनो को चाटीपाली की विनिता यादव पति बीमाधर यादव उम्र 25 साल के लिये मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त हुआ ,जिन्हें राइनो स्टाफ द्वारा नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया है। वहीं घरघोड़ा राइनो को दोपहर 14:20 बजे नवापारा घरघोड़ा की वृद्ध महिला अन्ना पन्ना पति पितरूस पन्ना उम्र 55 साल का तबियत अत्यधिक खराब होने से राइनो को मेडिकल के लिये इवेंट मिलाजिस पर उसे सीएचसी घरघोड़ा में राइनो स्टाफ द्वारा भर्ती कराया गया है। चक्रधरनगर राइनो को दोपहर 15.00 बजे मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट बोधाटिकरा की 83 वर्षीय पार्वती यादव पति घासीराम यादव को सांस लेने में दिक्कत आने पर मिला था। वृद्वा महिला को ईआरव्ही से आरक्षक संजय चौहान द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया ।

ट्रेक्टर को पीछे से ट्रक ने मारी ठोंकर, ट्रेक्टर में बैठा वृद्ध घायल

न्यायसाक्षी/रायगढ़। कोतवाली(जुटमिल) राइनो 2 - को दिनांक 15.01.2020 के सायं 16.25 बजे रोड़ एक्सीडेंट का इवेंट प्राप्त होने पर तेतला मेन रोड़ के लिए रवाना किया गया । ट्रक वाहन के चालक द्वारा ट्रेक्टर को पीछे से ठोकर मारने से ट्रेक्टर ट्राली पर सवार मोहर साय निषाद् पिता स्व0 बुथलू निषाद उम्र 60 निवासी लिंझीर को चोटें आने से घायल हो गया था । आहत को ईआरव्ही से केजीएच में ईलाज के लिये भर्ती कराया गया है । आर0क्र0 452 राघेन्द्र जगत का सराहनीय योगदान रहा।

मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को

न्याय साक्षी/रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देश के युवा, दिव्यांग, सेवा मतदाता तथा महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता हेतु 25 जनवरी 2020 को 10 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय रायगढ़ के ऑडिटोरियम में प्रातः10.30 बजे से किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1.1.2020 के दौरान एवं विशेष अभियान 2019 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक बूथ लेवल अधिकारी, जिले के एक प्राध्यापक नोडल अधिकारी को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र तथा जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में नियुक्त 23 कैम्पस अम्बेसडरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाकर सम्मानित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले के समस्त मतदाताओं को मतदाता दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

नामांतरण प्रकरणों को समयावधि में निपटाने के निर्देश

रायपुर। राजस्व विभाग द्वारा प्रदेश के राजस्व कार्यालयों में लंबित नामांतरण प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री सुबोध सिंह ने सभी जिला कलेक्टरों को इस संबंध में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। राजस्व सचिव ने निर्देशित किया है कि पंजीयन कार्यालयों से भूमि अंतरण की आनलाईन सूचना प्राप्त होते ही नामांतरण हेतु हित अर्जन करने वाले व्यक्ति से आवेदन का इंतजार नहीं करते हुए नामांतरण की कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करने कहा गया है। हल्का पटवारी के द्वारा पंजीयन कार्यालय से प्रत्येक शुक्रवार को प्राप्त सभी सूचनाओं को नामांतरण पंजी में दर्ज कर संबंधित राजस्व अधिकारी के समक्ष पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नामांतरण पंजी में प्रकरण प्रस्तुत होने पर राजस्व अधिकारी के द्वारा विधिवत वर्तमान और प्रस्तावित भूमि स्वामी को सूचना जारी करते हुए दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए इश्तेहार प्रकाशन कराना होगा।

सड़क सुरक्षा सप्ताह दौरान सारंगढ़ पुलिस द्वारा स्कूलों में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

» करीब 2000 छात्र-छात्राओं को दी यातायात व साइबर क्राइम की जानकारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर सारंगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 15.01.2020 को थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्कूलों में जाकर करीब 2,000 बच्चों को यातायात नियमों एवं सायबर क्राईम के बारे में बताया गया।

थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक ए.के. खान व उनके स्टाफ द्वारा 1- शासकीय बहू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ 2-संत थामस उच्च माध्यमिक विद्यालय बाबाकुटी सारंगढ़ 3- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंडम 4- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुडेली में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों एवं साइबर क्राइम के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया।

साथ ही छात्र/छात्राओं को उत्साहित करने के लिये इन स्कूलों में यातायात नियमों एवं सुरक्षा विषय पर निबंध लेखन, चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने बढ-चढकर हिस्सा लिये।

दहेज की मांग से युवती प्रताड़ीत जुर्म दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना पूंजीपथरा दिनांक 14.01.2020 को उसके पति और ससुराल वालों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताडित करने संबंधी आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है । पीडिता ने बताया कि मई 2019 में कृष्णा साहू पिता आनंद राम साहू उम्र 27 वर्ष ग्राम तुमीडीह थाना पूंजीपथरा के साथ सामाजिक रीति रीवाज के साथ विवाह हुआ था।

विवाह के बाद से ही पति कृष्णा साहू, ससूर आनंद राम साहू, सास पार्वती साहू, देवर बलराम तथा लाला राम और तुमीडीह में रहने वाली बुवा सास मिलकर दाहेज में सोने का चैन, मोटर सायकिल और फ्रिज नहीं मिला है कहकर प्रताडित कर मारपीट करने लगे । इस बात को पीड़िता अपने भाई, मां, गांव के सरपंच और पहचान के लोगों को बतायी तो सभी वे समझौता कराने उसके ससुराल आये थे जिन्हें इसका पति और ससुरालवाले झगड़ा कर भाग दिये । बीते नवरात्रि के समय पीड़िता का पति मजदूरी करने के लिए रायपुर लेकर गया था।

जहां दो माह तक रावाभाठा रायपुर में किराये के मकान में रहकर उसका पति मजदूरी करता था। इस दौरान पति का स्वास्थ्य खराब होने पर वह उसकी पत्नी को रायपुर में छोड़कर रायगढ़ आ गया।

कुछ दिन बाद पडोसी से पीड़िता उधारी पैसे लेकर अपने ससुराल आयी तो उसका पति व ससुरालवाले चरित्र शंका कर गाली गलौच कर उसे घर से भागा दिये । पीडिता के रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में पति व ससुरालवालों पर अप.क्र. 09/2020 धारा 498-ए,34 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

आरटीई के तहत प्राईवेट स्कूलों में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन एक मार्च से प्रारंभ

न्याय साक्षी/रायगढ़। शिक्षा के अधिकार (आरटीई)धारा 12 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सभी निजी स्कूलों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीट बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे)परिवारों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग (सीडब्लयूएसएम)एचआईव्ही पॉजीटिव बच्चों एवं अन्य जरूरतमंद बच्चों के लिए आरक्षित रखी गई है। जिसमें सत्र 2020-21 के लिए आवेदन 1 मार्च 2020 से शुरू हो जायेंगे। ऐसे परिवार है जो उपरोक्त दिए गए परिवारों में आते है तो ऐसे परिवार को इस योजना की जानकारी दे सकते है, ताकि वे भी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सके। सभी संबंधित दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण-पत्र तथा जिस वर्ग में आते हैं उससे संबंधित प्रमाण-पत्र जैसे बीपीएल सर्वे सूची या जाति प्रमाण-पत्र या मेडिकल प्रमाण-पत्र आदि आवेदन करने से पूर्व तैयार करके अपने पास रखे शिक्षा के अधिकार धारा 12 सी से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए हेल्पलाईन नंबर 011-411-32689 में मिस काल कर सकते है। किसी भी समस्या का समाधान हेल्पलाईन नंबर के माध्यम से किया जाएगा। सत्र 2020-21 हेतु प्रवेश हेतु आरटीई का पोर्टल खोला जा रहा है। जिसमें नये स्कूल जोडने संबंधी, नोडल अधिकारी का संशोधन अथवा अन्य सुधार आवश्यक है तो उसका प्रस्ताव विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से सत्यापित कराकर 30 जनवरी 2020 तक मान्यता खण्ड में जमा करें।

ग्राम कोटवार ने पत्नी की हत्या, चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत ग्राम नवागांव के कोटवार हीरा लाल चौहान पिता हीरालाल चौहान उम्र 53 वर्ष द्वारा उसकी पत्नी समारी बाई 50 उम्र साल की दिनांक 14.01.2020 के साथ बुरी तरह बांस के डंडे व पत्थर से सिर पर मारकर उसकी हत्या कर दिया और घटना की जानकारी अपने बेटे को मोबाईल पर बताकर उनके आने से पहले घर से भाग गया था।

घटना की सूचना थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक विवेक पाटले को मिलने पर ए.एस.आई. डाहरिया व हमराह स्टाफ के साथ ग्राम नवागांव पहुंचे और आरोपी की पतासाजी कर उसे हिरासत में लेकर थाना लेकर आए।

मृतिका बड़े बेटे राजेश चौहान उम्र 30 वर्ष द्वारा थाना चक्रधरनगर में उसके पिता के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 14.01.2020 को मृतिका छोटा लड़का विनोद चौहान और उसकी पत्नी दशकर्म में गए हुए थे। घर पर हीरालाल चौहान और समारी बाई थे।

रोज़ की तरह हीरालाल चौहान सुबह से लड़ाई झगड़ा कर रहा था और दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि शाम करीब 06.00 बजे हीरालाल चौहान बांस की लाठी से मारपीट करने के बाद उसकी पत्नी के सिर पर पत्थर से दे मारा , चोट इतना संघातिक था कि पत्थर भी टूट गया।

मृतिका के वारिशानों ने बताया कि हीरालाल चौहान शराब पीकर अक्सर उसकी पत्नी से लड़ाई झगड़ा करता था। घटना के संबंध में थाना चक्रधरनगर में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 212020 धारा 302 भादंवि पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

पल्स पोलियो टीकाकरण के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग में दिया गया प्रशिक्षण

न्याय साक्षी/रायगढ़। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान अन्तर्गत 19 जनवरी 2020 को 0 से 5 वर्ष आयु समूह के सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद खुराक पिलाया जाना है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में स्वास्थ्य विभाग की टीम को पल्स पोलियो के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। 19 जनवरी को सभी विकासखण्ड एवं शहरी क्षेत्रों में रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, साप्ताहिक बाजार के साथ ही विभिन्न ओद्योगिक क्षेत्र के बच्चों को पोलियों वैक्सीन की दो बूंद पिलाई जाएगी।

एमजी कॉलेज में खरसिया पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

न्याय साक्षी/रायगढ़। राज्य के प्रत्येक जिलों में 31 वें सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है । यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा भी इस दौरान पूरे सप्ताह आमजनों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी जाएगी।

साथ ही बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने स्कूलों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम, यातायात जागरूकता रैली, वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जैसे अन्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह दौरान सभी थाना चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देने निर्देशित किए हैं । इसी

क्रम में दिनांक 14 .01.2020 को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया पीतांबर पटेल, थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहु, चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम एम.जी. कॉलेज जाकर छात्र-छात्राओं एवं टीचर्स को यातायात नियमों की जानकारी दिए । साथ ही एसडीओपी खरसिया द्वारा वर्तमान समय में साइबर क्राइम से होने वाले फ्रॉड , फेसबुक, व्हाट्सएप पर हो रहे अपराधों की जानकारी देते हुए बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया ।

नगर निगम रायपुर के नवपदस्थ आयुक्त सौरभ कुमार ने पदभार संभाला

» नगर निगम रायपुर के नवपदस्थ आयुक्त सौरभ कुमार ने पदभार संभाला निवर्तमान आयुक्त शिव अनंत तायल ने स्वागत कर पदभार सौपा

» सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, जोनो सहित प्रशासनिक अमले व्यवस्था की चर्चा कर जानकारी ली

रायपुर (आरएनएस)। आज संध्या नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय व्हाईट हाउस में पहुंचकर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवपदस्थ आयुक्त भारतीय प्रषासनिक सेवा 2009 बैच के अधिकारी सौरभ कुमार ने प्रषासनिक कामकाज संभाल लिया। निवर्तमान आयुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के अधिकारी शिव अनंत तायल ने उन्हें निगम आयुक्त का पदभार सौपा एवं उनका निगम मुख्यालय में बुके देकर समस्त निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से आत्मीय स्वागत किया।

प्रशासनिक कामकाज संभालते ही आयुक्त कुमार ने निवर्तमान आयुक्त तायल के साथ चर्चा करते हुए रायपुर नगर निगम की सफ ई व्यवस्था, पेयजल प्रदाय प्रणाली, स्ट्रीट लाईट प्रबंधन, मौलिक नागरिक अधिकारों के दायित्वों से संबंधित कार्यो की संक्षिप्त जानकारी एवं जोनो की व्यवस्था सहित प्रशासनिक अमले की व्यवस्था व कार्यप्रणाली की संक्षिप्त जानकारी प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि नवपदस्थ आयुक्त कुमार महिला एवं बाल विकास विभाग में संयुक्त सचिव के पद सहित स्कूल षिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव का अतिरिक्त प्रषासनिक कार्य दायित्व संभाल रहे थे। वे पूर्व में प्रशासनिक सेवा के अंतर्गत दंतेवाड़ा के कलेक्टर एवं बिलासपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त के तौर पर कार्य दायित्व संभाल चुके है। निवर्तमान आयुक्त तायल को राज्य शासन ने बेमेतरा जिला के कलेक्टर पद का प्रशासनिक कार्य दायित्व सौपा है।

इस दौरान मुख्य रूप से निगम अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, पुलक भट्टाचार्य, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक तकनीकी एस.के. सुन्दरानी, सामान्य प्रषासन विभाग के उपायुक्त पी.आर. ध्रुव सहित सभी जोन कमिष्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने नवपदस्थ आयुक्त कुमार का प्रशासनिक कामकाज संभालने पर बुके देकर आत्मीय स्वागत किया।

स्कूली छात्रा व वृद्धजनों को हॉस्पीटाईजेशन के लिये राइनो से ली गई मदद

न्यायसाक्षी/रायगढ़। चक्रधरनगर राइनो को दिनांक 15.01.2020 दोपहर 12.45 बजे टारपाली स्कूल की 9वीं कक्षा की छात्रा पूजा मनहर पिता दिलीप मनहर उम्र 15 साल निवासी भिखारीमाल, के अचानक बेहोश हो जाने पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त होने पर स्कूल से ईआरव्ही वाहन से केजीएच रायगढ़ में लाकर भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास में केबिनेट की बैठक आयोजित की गई

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास में केबिनेट की बैठक आयोजित की गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन